आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में होमगार्डों के रिक्त पदों पर एनरोलमेंट की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के दिये निर्देश। कहा– समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष एनरोलमेंट के लिए गठित करें नया बोर्ड।
- संभल हिंसा की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने मुख्यमंत्री को सौंपी अपनी रिपोर्ट। अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई करेगी सरकार।
- प्रधानमंत्री जन धन योजना के कल पूरे हुए ग्यारह वर्ष। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में साझा कीं झलकियां। कहा–योजना ने वित्तीय समावेशन के माध्यम से सशक्तिकरण कर देशभर में बदला लोगों का जीवन।
- बारिश तथा बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियां उफान पर। एक और दो सितम्बर को भी भारी बारिश की चेतावनी।

**********

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रदेश में होमगार्डों के रिक्त पदों पर नए एनरोलमेंट की प्रक्रिया तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। कल एक उच्चस्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने बदलते समय और बढ़ते दायित्वों को देखते हुए होमगार्ड एनरोलमेंट से जुड़े नियमों में संशोधन पर जोर देते हुए कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष एनरोलमेंट सुनिश्चित करने के लिए पुलिस भर्ती एवं प्रशिक्षण बोर्ड के सहयोग से नया बोर्ड गठित करने को कहा।

मुख्यमंत्री योगी ने कानून–व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा आपदा की परिस्थितियों में होमगार्ड स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं को अधिक अवसर देने और सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पात्रता, परीक्षा और चयन से संबंधित प्रावधानों में सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि बल को और अधिक युवा स्वरूप देने के लिए एनरोलमेंट की अधिकतम आयु तीस वर्ष हो।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रम कानूनों के सरलीकरण सहित उद्योग और व्यापार से जुड़े कई अन्य मुद्दों को लेकर कल लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े तेरह राज्य अधिनियमों में से निन्यानवे प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी पर चर्चा हुई। इसके लिए सुगम्य व्यापार–प्राविधानों का संशोधन विधेयक दो हजार पचीस शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफार्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री ने प्रदेश में औद्योगिक और श्रम सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाया है। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर आपराधिक प्रावधानों में परिवर्तित करेगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के श्रमेव जयते के भाव को आत्मसात करते हुए हमे ऐसे सुधार करने होंगे जो उद्यमियों और श्रमिकों दोनों के हित में हों। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही निवेश मित्र श्री प्वाइंट जीरो पर भी विचार विमर्श किया गया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

मुख्यमंत्री ने कल ही स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के साथ भी बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों और दिव्यांगजनों को बीस लाख से ज्यादा की संपत्ति खरीद पर शत प्रतिशत छूट देने का निर्देश दिया।

**********

प्रदेश के संभल में नवंबर दो हजार चौबीस में हुई हिंसा की जांच कर रहे तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगभग साढ़े चार सौ पृष्ठों की रिपोर्ट सौंपी। पिछले साल संभल में शाही जामा मस्जिद के पास हुई हिंसा में कई लोगों की जान चली गई थी। प्रधान गृह सचिव संजय प्रसाद ने कहा है कि रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**जी ये जो संभल में जो घटना हुई थी इसके जाँच के लिए जो प्रदेश सरकार ने जो न्यायिक आयोग गठित किया था उन्होंने अपनी रिपोर्ट माननीय मुख्यमंत्री जी को सौंपी है और उस पर आगे की कारवाही की जाए।**

**********

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल आकाशवाणी गोरखपुर का दौरा किया। उन्होंने एक विशेष साक्षात्कार कार्यक्रम में हिस्सा लिया साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आकाशवाणी परिसर में पौधारोपण भी किया। आकाशवाणी पहुंचने पर केंद्र निदेशक राहुल सिंह के साथ ही अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

**********

प्रयागराज के उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में कल महाप्रबन्धक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने अत्याधुनिक वॉर रूम का उद्घाटन किया। यह वॉर रूम चौबीस घंटे सक्रिय रहेगा। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि किसी भी रेल दुर्घटना या असाधारण परिस्थिति में यह वॉर रूम सीधे दुर्घटना स्थल से लाइव फीड देने में सक्षम है।

**********

प्रधानमंत्री जन धनयोजना को कल ग्यारह वर्ष पूरे हो गए। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री जन–धन योजना की झलकियां साझा करते हुए बताया कि कैसे इस योजना ने वंचित लोगों का वित्तीय समावेशन से सशक्तिकरण कर पूरे भारत में जीवन को बदल दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह योजना बैंक खाते खोलने के साथ ही आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक सम्मान और नारी सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक क्रांति सिद्ध हुई है।

बलरामपुर में प्रधानमंत्री जनधन योजना की एक लाभार्थी सरोज देवी ने योजना के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है।

**जन धन खाता बहुत से महिलाए खुला है। यही से बहुत लाभ है। बहुत लेन देन सब इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार।**

जापान में पंद्रहवें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी है। इस अवसर पर बनारस घराने के मशहूर तबला वादक लच्छू महाराज के जापानी शिष्य सीगेरू मोरियम भी जापान की राजधानी टोक्यो में अपनी प्रस्तुति देंगे। एक रिपोर्ट–

**बनारस से करीब साढ़े पांच हजार किलोमीटर दूर जापान की राजधानी टोक्यो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने मशहूर तबला वादक पंडित लच्छू महाराज के जापानी शिष्य सीगेरू मोरियम अपनी प्रस्तुति देंगे। सीगेरू मोरियम कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के सामने प्रस्तुति देने को लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जापान के लोगों में भारतीय कला और संस्कृति के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सामने मैं अपना तबला और सितार सारंगी और कटक डांस और परफॉर्मेंस करने का मौका मिला हूँ बहुत खुशी हुई है और जापान में इंडियन कल्चर जैसे योगा भी है और इंडियन खाना भोजन है और सितार संगीत डांस हर तरह का इंडियन कल्चर का बहुत बढ़ रहा है और जापानी लोग भी सीखना चाहते हैं।बनारस में रहने के दौरान शास्त्रीय संगीत के साथ हिंदी सीखने वाले सीगेरू कहते हैं कि जापान के लोग भारतीय योग, कला और संस्कृति से काफी प्रभावित हो रहे हैं। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार टोक्यो**

**********

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कल अयोध्या में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और गोवंश संरक्षण के उपायों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि अब अयोध्या आने वाले देश–विदेश के श्रद्धालुओं को केमिकल फ्री भोजन मिलेगा।

**यहाँ हम लोगों का आने का उद्देश्य है कि अयोध्या जनपद को हम लोग यूपी का पहला ऐसा जनपद बनाना चाहते हैं जहाँ हर किसान के पास गाय होगी और गौमूत्र और गोबर आधारित आधारित प्राकृतिक खेती होगी जिसमें केमिकल्स का प्रयोग नहीं होगा और जो जहर मुक्त अ फल सब्जियाँ पैदा होगी वो अयोध्या में रहने वाले देश विदेश के आने वाले लोग सबको केमिकल फ्री अनाज फल सब्जियाँ प्राप्त हो।**

**********

रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। हापुड़ जिले के कई गांवों में गंगा नदी का पानी पहुंचने से आवागमन बाधित हो गया है। वहां के जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने एक और दो सितम्बर को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं भारी वर्षा की चेतावनी दी है।

**********